
आज़ादी का अमृत महोत्सव




# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 07.03.2022 से 13.03.2022)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा
(दिनांक 07.03.22)




**विषय: राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर चर्चा।**

**प्रभाव:** हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर ध्यानवाद दिया और सदन में विपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों का विस्तार से जवाब भी दिया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने इस दौरान विपक्ष की से चर्चा के दौरान उठाए गये मुद्दों का एक–एक करके जवाब दिया। उन्होंने सदन में हुई खट्टी–मीठी बहस के बावजूद सदन की गरिमा बरकरार रखकर लोकतांत्रिक मूल्यों को जीवित रखने की अपनी अनूठी कला का भी परिचय दिया। नेता प्रतिपक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा द्वारा बार–बार डा. रघुबीर सिंह कादियान के निलम्बन को रद्द करने के अनुरोध पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने दरियादिली दिखाते हुए डा. रघुबीर सिंह कादियान को निलम्बित करने के निर्णय को निरस्त करवाकर सदन की गरिमा बनाए रखने और लोकतांत्रिक मूल्यों को जीवित रखने का परिचय भी दिया। विपक्ष की ओर से उठाए गए सवालों और मुद्दों का जवाब देते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वह आलोचनाओं का स्वागत करते है और आलोचनाओं के पक्षधर भी हैं, बशर्ते कि वे सही हों।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमारी योजनाओं का फोकस अंत्योदय पर है और प्रदेश सरकार द्वारा पिछले 7 वर्षों में राज्य के चहूंमुखी विकास के लिए जो ऐतिहासिक कार्य किए हैं, उनसे अंतोदय की भावना को बल मिला है। यह कार्य गरीबी उन्मूलन की दिशा में मील के पत्थर साबित हो रहे हैं । उन्होंने कहा कि प्रदेश का विकास करने के लिए गरीबों की भलाई और




# साप्ताहिक सूचना पत्र

अनुसूचित जातियों के कल्याण, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के उज्जवल भविष्य और किसानों के उत्थान करने का जो सरकार का लक्ष्य है, उस दिशा में निरंतर आगे बढ़ कर कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने लोगों को घर बैठे ही सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ मिले, ऐसे सार्थक प्रयास किए गए है। परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सभी योजनाओं को जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा अंतोदय उत्थान मेले लगाकर गरीब परिवारों को उनके घर द्वार पर ही सहायता प्रदान करके योजनाओं व कार्यक्रमों से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस नई व्यवस्था से आम आदमी तक पहुंच आसान और सरल हुई है और लोगों भी खुश है।


## बजट 2022–23

**(दिनांक 08.03.22)**



**विषय: बजट 2022–23।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने साल 2022–23 के लिए हरियाणा विधानसभा में बजट प्रस्तुत किया यह बजट माननीय मुख्यमंत्री जी ने वित्तमंत्री होने के नाते प्रस्तुत किया। यह पहला अवसर है जब हरियाणा का बजट विधानसभा समितियों के



# साप्ताहिक सूचना पत्र




माध्यम से पारित होगा। इसके लिए सभी दलों के विधायकों को मिलाकर अलग अलग आठ समितियां बनाई गई है जो बजट के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगी। मुख्यमंत्री जी ने वर्ष 2022–23 के लिए 1,77,255.99 करोड़ रुपये का बजट पेश किया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह बजट अंत्योदय के संकल्प को समर्पित है।

और वह अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की कोशिश नहीं कर रहे है बल्कि शुरुवात ही अब अंतिम व्यक्ति से कर रहे है। इसके साथ ही महिला दिवस पर पेश हुए इस बजट में उन्होंने महिलाओं के लिए अनेक योजनाओं की घोषणा भी की जिसमें हरियाणा की बेटी महिला आइकॉन स्व. श्रीमती सुशमा स्वराज के नाम पुरस्कार की घोषणा भी शामिल है। मुख्यमंत्री जी ने पंचायती राज संस्थानों में महिलाओं की और अधिक भागीदारी हो, इसके लिए महिलाओं के लिए आरक्षित 33 प्रतिशत स्थानों की बजाए महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत स्थानों पर भागीदारिता बढ़ाने की घोषणा भी की। इसके अलावा, महिलाओं को उद्यमिता की ओर आकर्षित करने के लिए एक नई योजना हरियाणा मुख्यमंत्री उद्यमिता योजना की शुरूआत करने की घोषणा की। इसी प्रकार, मुख्यमंत्री जी ने कामकाजी महिलाओं को भी मनोहर सौगात देते हुए सस्ती आवासीय सुविधाएं उपलब्ध करवाने की घोषणा की और इसके लिए पंचकूला, गुरुग्राम व फरीदाबाद में कामकाजी महिला छात्रावास स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा, वर्ष 2022–23 के दौरान 'सहभागिता' के माध्यम से तीन महिला आश्रम स्थापित करने की सम्भावनाएं तलाशने की घोषणा भी मुख्यमंत्री ने की।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गरीब से गरीब व्यक्ति का उत्थान करना ही सरकार का मुख्य लक्ष्य है।

इसके अलावा मुख्यमंत्री जी ने 1 लाख 80 हजार आय से नीचे वाले सभी परिवारों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ देने की घोषणा भी बजट के दौरान की। हरियाणा के आम बजट में 5 शर्तों का समर्थन किया गया है। जिसके अंतर्गत समर्थ हरियाणा, अंत्योदय, सतत विकास, संतुलित पर्यावरण और सहभागिता की विकासात्मक शक्तियों की परिकल्पना की है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बीमारियों से मुक्त जीरो बजट आधारित प्राकृतिक एवं जैविक खेती पर जोर दिया जाएगा। इसके लिए 25–25 एकड़ के 100 कलस्टर भी बनाएं जायँगे।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## जैविक खेती कार्यशाला

(दिनांक 08.03.22)





**विषय: जैविक खेती कार्यशाला।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज कुरुक्षेत्र में जैविक खेती पर आयोजित कार्यशाला में भाग लिया। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत जी की भी गरिमामयी उपस्थित रही।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी जे कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए अलग से एक प्राकृतिक कृषि बोर्ड बनाया जाएगा साथ ही कृषि विभाग में इसके लिए अलग से एक डायरेक्टर की भी नियुक्ति की जाएगी जो इन सभी कामों की देखे रेख करेंगे।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जैविक खेती के लिए बजट में 32 करोड़ का प्रावधान भी किया गया है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश की जनता को जहर युक्त उत्पादों से निजात दिलाने व भूमि की सेहत को बचाने के लिए प्रदेश सरकार किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने पर बल दे रही है





साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुजरात के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत जी का विशेष रुप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी ने प्रदेश भर से आए किसानों को प्राकृतिक खेती को उदाहरण सहित समझाकर प्रेरित करने का काम किया है। राज्य सरकार भविष्य में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत जी को प्रदेश में प्राकृतिक खेती के प्रति किसानों को जागरुक करने के लिए हर प्रकार के संसाधन और सुविधाएं देने के लिए हमेशा तैयार रहेगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्राकृतिक खेती के लिए 3 साल उत्पादन आधारित योजना को भी अमलीजामा पहनाने का काम किया है। इस योजना के तहत 100 कलस्टर बनाए जाएंगे और प्रत्येक कलस्टर में 25 एकड़ भूमि को भी प्राकृतिक खेती के साथ जोड़ा जाएगा। इसके बाद सर्टीफिकेशन, ब्रांडिंग और फिर पैकेजिंग का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही अगर प्राकृतिक खेती कारण किसानों को नुकसान हुआ तो सरकार द्वारा मुआवजे की राशि देने का काम भी किया जाएगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने प्राकृतिक खेती को न केवल जमीन के लिए बल्कि स्वास्थ के लिए भी जरूरी बताया है उन्होंने कहा कि आहार ही औशधि है और हमें बीमार होने पर ईलाज करवाने और दवाई लेने की जगह इस पर काम करना होगा कि हम बीमार ही न पड़े और इसके लिए हमें प्रकृतिक खेती की और लौटना होगा।

## मुख्यमंत्री निवास चंडीगढ़ में लाइब्रेरी का उद्घाटन


(दिनांक 08.03.22)

**विषय: मुख्यमंत्री निवास चंडीगढ़ में लाइब्रेरी का उद्घाटन।**

**प्रभाव:** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आज चंडीगढ़ स्थिति अपने सरकारी निवास पर आम जन के लिए बनवाई गई लाइब्रेरी का शुभारंभ किया। महिला दिवस होने के नाते माननीय मुख्यमंत्री जी ने उद्घाटन का मौका महिला मंत्री श्री कमलेश ढांडा जी को दिया और उनके हाँथो से लाइब्रेरी का उद्घाटन करवाया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस लाइब्रेरी में विभिन्न पुस्तकों के अलावा वे उपहार भी रखे जाएंगे जो उनको कार्यक्रमों के दौरान भेंट किए जाते हैं और लोगो के द्वारा इन उपहारों को खरीदा भी जा सकेगा औऱ उससे मिलने वाली राशि को माननीय प्रधानमंत्री जी की भांति वे भी किसी कल्याणकारी कार्य मे योगदान देंगे।

विदित है कि प्रधानमंत्री जी भी उन्हें मिलने वाले सभी उपहारों को नीलाम कर उससे मिलने वाली राशि को जनकल्याण के लिए उपयोग करते है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस धनराशि का सदुपयोग मुख्यमंत्री राहत कोश या अन्य तात्कालिक जरूरत को देखते हुए किया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने यह भी बताया कि वे कीमती उपहारों को स्वीकार नही करते हैं, ये उपहार मात्र वे स्मृति चिन्ह हैं जो किसी समारोह में यादगार के लिए दिए गए थे। यह कार्य न केवल मुख्यमंत्री जी के सेवा भाव को दिखाता है बल्कि उनके अपने जीवन के समर्पण को भी प्रदर्शित करता है जिसे उन्होंने लोगो के कल्याण के लिए लगाने का संकल्प लिया है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास

(दिनांक 09.03.22)



**विषयः राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास।**

**प्रभावः** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुरुग्राम पहुँचकर केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी जी के साथ 1407 करोड़ रुपये की 19 परियोजनाओं का उद्‌घाटन व शिलान्यास किया।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 17 नए एनएच मंजूर किए गए, 11 पर कार्य प्रगति पर, 6 पर भी जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत भी 957 किलोमीटर लंबाई की सड़के बनाई जा रही और पिछले दो वर्षों में 1450 किलोमीटर लंबी सड़के बनाई जा चुकी है।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने हरियाणा को राजमार्ग के बड़े प्रोजेक्ट देने के लिए केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी जी का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि श्री नितिन गडकरी जी ने 3 बड़ी परियोजनाएं हरियाणा को दी जिनमें दिल्ली–मुंबई एक्सप्रेस वे, दिल्ली–कटरा एक्सप्रेस वे जो रोहतक –जींद–कैथल होते हुए जाएगा और इस्माइलाबाद से नारनौल तक की परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर लंबे समय तक आर्थिक विकास की गति को बनाए रखता है, इसलिए हमने अगले वित वर्ष के बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर को अत्यंत महत्व दिया है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि गुरुग्राम–मानेसर में एक हजार एकड़ में ग्लोबल सिटी बनाई जाएगी। इसके लिए हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम आवष्यक कार्यवाही करेगा और उन्होंने विश्वास दिलाया कि इसी वर्ष इसका निर्माण कार्य भी शुरू हो जाएगा। मुख्यमंत्री जी ने श्री गडकरी के समक्ष पानीपत से डबवाली तक तथा पानीपत से सिवानी तक



# साप्ताहिक सूचना पत्र

राष्ट्रीय राजमार्ग मंजूर करने की मांग भी रखी जिसे उन्होंने सकारात्मक रूप से देखने का विश्वास दिया। इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि पूरे देश में सबसे ज्यादा अच्छी सड़के हरियाणा में हैं।

## गुरु तेग बहादुर जी के 400 वें प्रकाश पर्व के उप्लक्षय में


(दिनांक 10.03.22)




**विषय: गुरु तेग बहादुर जी के 400 वें प्रकाश पर्व के उप्लक्षय में।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुरु तह बहादुर जी के 400 वें प्रकाश पर्व समारोह के संबंध में गठित राज्य स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता की। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्री गुरु तेग बहादुर जी के 400वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में पानीपत में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में दरबार साहिब की प्रतिकृति भी स्थापित की जाएगी। प्रसिद्ध रागी और कथावाचकों को भी किया समारोह में आमंत्रित किया जाएगा।

इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में श्री गुरु तेग बहादुर जी के नाम पर एक पीठ भी स्थापित की जाएगी। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि समारोह का उद्देश्य श्री गुरु तेग बहादुर जी के सामाजिक सद्भाव और भाईचारे के संदेश को प्रचारित करना है और उसे जन जन तक पहुँचाना है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का न केवल श्री गुरु तेग बहादुर जी के साथ बल्कि सभी दस सिख गुरुओं के साथ एक विशेष नाता रहा है, क्योंकि उनमें से अधिकांश ने कुरुक्षेत्र और लोहगढ़ में अपनी यात्रा की है, जो कभी सिख राज्य की राजधानी थी। राज्य के युवाओं को दुनिया के सबसे महान मानवतावादी सिख गुरुओं के जीवन से समर्पण और बलिदान की भावना सीखने की आवष्यकता है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र


## दमदमा झील गुरुग्राम में एडवेंचर स्पोर्ट्स की शुरुआत

(दिनांक 12.03.22)



**विषय: दमदमा झील गुरुग्राम में एडवेंचर स्पोर्ट्स की शुरुआत।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने गुरूग्राम जिला के गांव दमदमा में एडवेंचर पर्यटन केन्द्र की आधारशिला रखी और इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने स्वयं भी एडवेंचर स्पोर्टस का लुत्फ उठाया और कहा–देश विदेश के पर्यटन मानचित्र पर दमदमा का नाम भी आएगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 'मेरी भी खेलों में रूचि है, खेलों से केवल शरीर ही नही, दिमाग की भी कसरत होती है हम सभी को अपने जीवन में खेलों को शामिल करना चाहिए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने कहा कि यह एडवेंचर पर्यटन केन्द्र लगभग 19 एकड़ भूमि पर विकसित होगा, जिसे विकसित करने के लिए हरियाणा पर्यटन विभाग ने एयरो क्लब ऑफ इंडिया के साथ समन्वय स्थापित किया है। मुख्यमंत्री ने हरियाणा पर्यटन और एयरो क्लब ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित समारोह के लिए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा कि अरावली की गोद में बसे गांव दमदमा में शुरू किए जाने वाले इस एडवेंचर पर्यटन केंद्र में विभिन्न साहसिक गतिविधियों के लिए एक बुनियादी ढांचा तैयार किया जाएगा जिसमें कैंपिंग साइट, पैरामोटर के लिए एयर स्ट्रिप, एयरो स्पोर्ट्स गतिविधियां, कैफेटेरिया और अन्य गतिविधियां शामिल की जाएंगी। उन्होंने कहा कि एडवेंचर व्यक्ति में जोखिम से लड़ने का साहस भरने के साथ ही व्यक्ति में चुनौतियों का सामना करना सिखाता है जो व्यक्ति के भीतर आत्मविश्वास, दृढ़ निष्चय और नेतृत्व क्षमता विकसित करता है। उन्होंने ये भी कहा कि दमदमा के इस एडवेंचर पर्यटन केन्द्र को जोड़ने वाली भोंडसी तथा सोहना को जाने वाली दोनों सड़कों को चौड़ा व सुदृढ़ किया जाएगा ताकि पर्यटक यहां आसानी से पहुंच सकें। इसके अलावा, दमदमा झील पर पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देष्य से इस झील की खुदाई करके इसमें वर्ष भर पानी रहे, उसके लिए व्यवस्था की जाएगी। इससे दमदमा तथा यहां आस पास के लोगों को रोजगार मिलेगा और यहां आर्थिक स्मृद्धि आएगी। गांव दमदमा के ग्रामीणों द्वारा रखी गई मांगो का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायत ने भी खेल नर्सरी की मांग की है जिसे जल्द ही पूरा किया जाएगा। साथ ही उन्होंने गांव दमदमा में राजकीय माध्यमिक विद्यालय को नार्म पूरा करने पर अपग्रेड करते हुए वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बनाने और उसकी चार दिवारी करवाने व कमरे बनवाने की घोषणा भी की।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## योग महोत्सव 2022
(दिनांक 13.03.22)




**विषय: योग महोत्सव 2022।**

**प्रभाव:** आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित योग महोत्सव में हिस्सा लिया।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हम सभी को योग को सार्वजनिक जीवन का अंग बनाना चाहिए।
उन्होंने इस दिशा में व्यापक स्तर पर कार्य करने के लिए समाज के हर वर्ग का आह्वान भी किया।
इस मौके पर केंद्रीय आयुश मंत्री श्री सर्बानंद सोनोवाल ने भी योग को विस्तार दिए जाने की दिशा में हरियाणा सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इसके साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि "योग" निरोगी काया और मन तथा आत्मा को सात्विक करने का एक अद्‌भुत जरिया है। उन्होंने योग के माध्यम से अपने कार्यों में कुशलता लाने व सामाजिक जीवन में संतुलन लाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री जी ने योग को विश्वपटल पर पहचान दिलाने का श्रेय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को दिया। साथ ही मुख्यमंत्री जी ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा योग के साथ–साथ प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों को भी विस्तार दिए जाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। हरियाणा में योग आयोग का गठन किया गया है और प्रदेशभर में 1 हजार योग व्यायामशालाएं भी स्थापित की गई हैं। अब योग शिक्षकों की संख्या को भी 2 हजार तक बढ़ाई जा रहा हैं। कुरूक्षेत्र में 94.5 एकड भू–क्षेत्र पर 1 हजार करोड रूपये की लागत से श्रीकृष्णा आयुश विश्वविद्यालय भी स्थापित किया जा रहा है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जी ने यह भी कहा कि हरियाणा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुश इकाइयां प्रारंभ करने की प्रक्रिया जारी है। आयुश हैल्थ वेलनैस सेंटर योजना के अंतर्गत आयुर्वेदिक औषद्यालयों को आयुष हैल्थ वेवनैस सेंटर के रूप में अपग्रेड किया जा रहा है और तो और हरियाणा में योग को पाठ्यक्रम में शामिल भी किया गया है।